राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का कार्यवृत

पोसोको कार्यालय मे दिनांक 24.09.2013 को प्रात: 11.30 बजे राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक पोसोको के प्रथम तल स्थित सम्मेलन कक्ष में हुई जिसमें मुख्य कार्यपालक अधिकारी(पोसोको) व समिति के सभी सदस्यों ने भाग लिया।

राजभाषा कार्यांवयन समिति के सदस्य

श्री सुशील कुमार सोनी, मु.कार्यपालक अधिकारी, अध्यक्ष

श्री अवधेश मनि, सदस्य

श्री के वी एस बाबा, सदस्य

श्री आर के बंसल, सदस्य

श्री एस सी सक्सैना, सदस्य

श्रीमती ज्योति प्रसाद, सदस्य

श्री अशोक कुमार मारवाह, सदस्य

श्री अनिल मेहता, कार्यपालक सचिव(मा.सं)

1.0 सर्वप्रथम मुख्य प्रबन्धक (मानव संसाधन विभाग) ने अध्यक्ष महोदय व सभी सदस्यों का राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में पधारने पर हार्दिक स्वागत किया व पिछली तिमाही में राजभाषा हिंदी की प्रगति के बारे में अध्यक्ष महोदय व सभी सदस्यों को अवगत कराया और पिछली समिति की बैठक में किए गए आश्वासनों को पूरा करने के बारे में जानकारी दी |

2.0 अध्यक्ष महोदय ने सुझाव दिया कि मिसिलों के पीछे शब्द क, ख, ग क्रम (ए बी सी) में छपवाए जाएँ जिससे उन शब्दों को प्रयोग करने में आसानी होगी |

3.0 अध्यक्ष महोदय ने अपने विचार व्यक्त करते हुए आसानी से समझ आने वाली हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने पर ज़ोर दिया |

4.0 अध्यक्ष महोदय ने हिन्दी से संबन्धित जानकारी जैसे नियंत्रण कक्ष/विधि विभाग में प्रयोग होने वाले शब्द संग्रह को ईमेल के द्वारा सभी कार्मिकों को भेजने के लिए भी आग्रह किया जिससे सभी कार्मिक उस शब्दावली को प्रयोग में ला सकें एवं अपने सुझाव दे सकें |

5.0 अध्यक्ष महोदय ने अक्तूबर माह की 17 और 18 अक्तूबर 2013 को कवि सम्मेलन कराने के लिए अपनी सहमति जाहिर की ।

5.0 अंत में मुख्य प्रबन्धक (मा.सं) ने राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में आने पर अध्यक्ष महोदय व अन्य सभी सदस्यों को हार्दिक धन्यवाद दिया।

अवलोकानार्थ प्रस्तुत है।

(अनिल मेहता)

कार्यपालक सचिव(मा.सं)

अनुमोदन हेतु प्रस्तावित है ।

मुख्य प्रबन्धक (मानव संसाधन) 8/10

कार्यपालक निदेशक (रा भा प्रे के)

9.10.13

मुख्य कार्यपालक अधिकारी (पोसोको)

9/10/13

का नि .

9.10 .

मुख्य प्रबंधक (मा स)

नोडल अधिकारी (हिन्दी)

10/10